**प्रेस विज्ञप्ति**

**सॉवरेन स्वर्ण बांड योजना 2019-20 (श्रृंखला VII) - निर्गम मूल्य**

भारत सरकार की अधिसूचना संख्या फ़.संख्या.4(7)-W&M/2019 दिनांक 29 नवंबर, 2019 के संदर्भ में, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स 2019-20 (सीरीज़-VII), 02-06 दिसंबर, 2019 की अवधि के लिए खोली जाएगी । इस सदस्यता अवधि के दौरान बॉन्ड का निर्गम मूल्य ₹3,795 (तीन हजार सात सौ पंचानवे रुपये मात्र) प्रति ग्राम होगा, जैसा कि आरबीआई प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 29 नवंबर, 2019 में भी प्रकाशित किया गया है । सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स 2019-20 (सीरीज़-VII) की निपटान तिथि 10 दिसंबर, 2019 को होगी ।

भारत सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से उन निवेशकों , जो ऑनलाइन आवेदन करते हैं तथा डिजिटल तरीके से भुगतान करते हैं, को निर्गम मूल्य में रु. 50 (पचास रुपये मात्र) की छूट देने का फैसला किया है। ऐसे निवेशकों के लिए स्वर्ण बांड का निर्गम मूल्य रु .3,745 (तीन हजार सात सौ पैंतालीस रुपये मात्र) प्रति ग्राम स्वर्ण होगा।

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
बजट प्रभाग
नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली- 110001
**दिनांकः 29 नवंबर, 2019**